BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF HINDI

PROF. DIGVIJAY KR. RAI
HEAD
EMAIL:bsnvpgcollege1954@gmail.com
MOB. NO.: 9415988101
DATE: 10/01/2023

रिपोर्ट

10 जनवरी 2023, विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग, बी एस एन वी पी जी कॉलेज, लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यक्रम

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, बी एस एन वी पी जी कालेज, लखनऊ

दिनांक 10 जनवरी 2023, ' विश्व हिन्दी दिवस ' हिन्दी विभाग द्वारा मनाया गया। इसकी नींव भारतवर्ष के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी ने डाली थी।

महाविद्यालय में यह दिन ऐतिहासिक हुआ क्योंकि पहली बार महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा यह दिवस सोत्साह मनाया गया।

इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष श्री डी के राय जी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विस्तार पूर्वक ' विश्व हिन्दी दिवस ' की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला।

तदुपरान्त पूर्व विभागाध्यक्ष डा.प्रणव कुमार मिश्र जी ने इस दिवस को एक आंदोलन व हिन्दी की अस्मिता के रूप में व्याख्यायित किया।हिन्दी विभाग के ही सहायक आचार्य श्रीकृष्ण चंद्र जी ने हिन्दी भाषा की गुणवत्ता पर बल देते हुए देश-देशान्तर में हिन्दी की स्थिति पर सिंहावलोकन किया।

इसी क्रम में डा.चन्द्रमणि शर्मा ने भी हिन्दी के बढ़ते कदम के साथ-साथ इसे एक जीविकोपार्जन का माध्यम के रूप में देखते हुए इसकी गुणवत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा.अंजलि अस्थाना ने हिन्दी की श्रेष्ठता को रेखांकित किया। इस अवसर पर एम.ए. फाइनल वर्ष की छात्रा सुश्री दिशा शर्मा ने हिन्दी को राष्ट्र भाषा के रूप में स्थापित होने की उत्कट अभिलाषा प्रकट की। परास्नातक के सभी छात्रों ने अभूतपूर्व सहयोग देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष श्री डी के राय , विषय प्रवर्तन डा.प्रणव कुमार मिश्र ,श्रीकृष्ण चंद्र जी ने सह वक्ता की भूमिका तथा डा.चन्द्रमणि शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

(Head)
Department of Hindi